एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

किक 2 में जैकलीन नहीं दिशा होंगी सलमान की हिरोइन!

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस दिशा पाटनी ने फिल्म एमएस धोनी से अपने ऐक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह बागी 2में नजर आईं, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। बॉलिवुड गलियारों में खबर है कि दिशा के हाथ सलमान के साथ एक और फिल्म लग गई है। खबरों के मुताबिक दिशा सलमान की फिल्म किक के सीक्वल में उनके अपोजिट दिखेंगी।

26 साल की दिशा बॉलिवुड की क्यूट ऐंड यंग ऐक्ट्रेसेस में से एक हैं। दिशा फिलहाल डायरेक्टर अली अब्बास जफर की पीरियड फिल्म भारत की शूटिंग कर रही हैं। बीते दिनों दिशा कई बार साजिद नाडियावाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट हुई थीं। चर्चाएं हैं कि किक के सीक्वल के लिए दिशा से बात की गई है। उम्मीद है फिल्म इस साल के अंत में रिलीज होगी। हालांकि प्रॉड्यूसर साजिद नाडियावाला की तरफ से इस पर कोई बयान नहीं आया है। किक के सीक्वल की हिरोइन की दौड़ में दिशा का नाम सबसे आगे हैं।

किक साल 2014 में आई ऐक्शन-थ्रिलर फिल्म थी, जो कि हिट रही थी। फिल्म की सक्सेस के बाद इसके सीक्वल की चर्चाएं जोरों पर थीं। फिल्म के मेल ऐक्टर के लिए सलमान पहले ही फाइनल थे,लेकिन सलमान के अपोजिट किसी ऐक्ट्रेस को फाइनल नहीं किा गया था। किक में जैकलीन फर्नांडिस सलमान संग रोमांस करती नजर आईं थीं। फिल्म में उनकी और सलमान की केमिस्ट्री फैंस को काफी पसंद आई थी। खबरें यह भी थी कि किक 2 में भी वहीं हिरोइन होंगी। अब कहा जा रहा है कि दिशा ने उन्हें रिप्लेस कर दिया है। सूत्रों के अनुसार साजिद और दिशा अन्य फिल्मों की कहानी पर भी बात कर रहे हैं, जिसमें से एक बागी 3 भी हैं। जिसकी कहानी तैयार की जा चुकी है। बागी2 में दिशा के किरदार को खुदकुशी करते दिखाया गया था, लेकिन सूत्रों के अनुसार जहां से बागी 2 की कहानी खत्म हुई थी वहां से बागी 3 की कहानी नहीं शुरू होगी। दोनों की कहानी में कुछ जुड़ाव जरूर दिखाई देगा। बागी 3 या किक के सीक्वल में से एक में तो दिशा का होना तय माना जा रहा है। दिशा ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि वह महिला प्रधान किरदार करना चाहती हैं।

बड़ी मेहनत से मिलता है सही मुकामः यामी गौतम

अभिनेत्री यामी गौतम का कहना है कि बाहरी होने के नाते बॉलीवुड में सही मुकाम पाने के लिए बहुत मेहनत करनी होती है। यामी ने शनिवार को अपनी हालिया रिलीज उरी और फिल्म में अपने प्रदर्शन को लेकर एक ट्वीट किया।

यामी ने कहा, आपका धन्यवाद। एक अभिनेत्री और एक बाहरी व्यक्ति होने के नाते सही मुकाम पाने में कड़ी मेहनत लगती है और मुझे खुशी है कि आप सभी इसे बहुत प्यार दे रहे हैं।

उरी में विक्की कौशल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 2016 में की गई सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है, जिसमें उरी एक महत्वपूर्ण जगह थी।

फिल्म में विक्की एक भारतीय कमांडो की भूमिका निभा रहे हैं, जो 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक में शामिल हैं। फिल्म में कीर्ति कुलहरि और परेश रावल भी प्रमुख भूमिका में हैं।

चीट इंडिया टाइटल का परिवर्तन अतार्किक, हास्यास्पद : इमरान

फिल्म चीट इंडिया की रिलीज में महज कुछ दिन ही शेष रहने के कारण फिल्म के निर्माताओं को सेंसर बोर्ड के सुझाव पर फिल्म के नाम में बदलाव कर व्हाई चीट इंडिया करना पड़ा। हालांकि, इसके अभिनेता व निर्माता इमरान हाशमी का कहना है कि यह अतार्किक और हास्यास्पद है। व्हाई चीट इंडिया शिक्षा प्रणाली के बारे में है। फिल्म से इमरान बतौर निर्माता आगाज कर रहे हैं।



फिल्म की रिलीज के महज कुछ दिन पहले फिल्म के नाम में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर इमरान ने कहा, सीबीएफसी (केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड) के सदस्यों ने शीर्षक को भ्रामक पाया। उनके अनुसार, हमारी फिल्म भारत को नकारात्मक संदर्भ में दिखा रही है, लेकिन यह वही है.. जो हम दिखा रहे हैं। वह व्यवस्था का दर्पण है.. उन्हें इस बात को समझना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आखिर में यह शिक्षा प्रणाली की खामियों को उजागर करती है। उन्होंने कहा, मौलिक रूप से, अगर सिस्टम में एक खुली और विश्लेषणात्मक सोच है, तो आप ऐसी अतार्किक बातें नहीं करेंगे। फिल्म के शीर्षक को अंतिम क्षण में बदलने का कोई मतलब नहीं है। हाशमी ने शुक्रवार को यहां फिल्म के प्रचार के दौरान बताया, चीट इंडिया टाइटल एक साल से रहा, सीबीएफसी ने हमारे सभी प्रोमो पहले ही मंजूर कर लिए थे, लेकिन अब उन्होंने जो किया है, वह बिल्कुल अतार्किक है। इसमें कोई तर्क नहीं है। हालांकि, उन्हें लगता है कि शीर्षक परिवर्तन फिल्म के मकसद को प्रभावित नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि दर्शक इतने परिपच हैं कि वे किसी खास फिल्म को जज कर सकते हैं।